भारतीय मानक ब्यूरो

(हिंदी विभाग)

संदर्भ: हिं/कार्यान्वयन/2022

दि. 05.04.2022

विषय: हिंदी पत्राचार को बढ़ावा देना।

राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2022-23 के वार्षिक कार्यक्रम में 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों के लिए हिंदी पत्राचार के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं :

क क्षेत्र से- 'क' और 'ख' क्षेत्र को 100% तथा 'ग' क्षेत्र को 65%

ख क्षेत्र से- 'क' और 'ख' क्षेत्र को 90% तथा 'ग' क्षेत्र को 55%

ग क्षेत्र से- 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्र को 55%

उपर्युक्त लक्ष्यों को पूरा करने तथा हिंदी पत्राचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि वे नियमति(Routine) प्रकार के पत्राचार के लिए द्विभाषी टेम्पलैट बनाएं। यदि किसी कार्यालय द्वारा नियमित भेजे जाने वाले पत्र मूल रूप से अंग्रेजी में भेजे जा रहे है और तकनीकी प्रकृति अथवा अन्य किसी कारण से उन्हें हिंदी में भेजना संभव नहीं हैं तो उनके साथ हिंदी में आवरण पत्रों या टेम्पलैट का प्रयोग किया जा सकता है। शाखा कार्यालय इस प्रकार के आवरण पत्र या टेम्पलैट हिंदी में तैयार करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात हिंदी अनुवादकों की सहायता ले सकते हैं।

वर्ष 2022-23 का वार्षिक कार्यक्रम राजभाषा विभाग की साइट www.rajbhasha.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

(विनोद कालरा)
प्रमुख(हिंदी)

बीआईएस के सभी क्षेत्रीय,शाखा कार्यालयों, एनआईटीएस,केन्द्रीय तथा अन्य प्रयोगशालाओं को परिचालित